भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1616
(02 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

सामाजिक सुरक्षा योजना

1616. श्री चुन्नी लाल साहूः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ग्राम स्तर की योजना से संबंधित कौशलों की कमी के कारण अधिकांश ग्राम विकास योजनाओं का लाभ वांछित स्तर तक नहीं पहुंच रहा है;
(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का समस्या को समाप्त करने और अपनी सामाजिक सुरक्षा योजना को देश में बेहतर बनाने के लिए प्रतिभावान युवाओं की सेवाएं प्राप्त करने के लिए नई पद्धतियां खोजने का विचार है;
(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में तैयार की गई रणनीतियों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या कुछ राज्यों में यह योजना पहले ही लागू की जा चुकी है; और
(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा देश के ग्रामीण, सुदूर और पर्वतीय क्षेत्रों में प्रतिभावान युवाओं के सहयोग से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ड.): ग्रामीण विकास मंत्रालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए योजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है, जिनमें सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शामिल हैं।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं के तृतीय पक्ष मूल्यांकन के संबंध में यथोचित कार्रवाई की जाती है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रतिभावान युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।